## महत्वपूर्ण एवं खास

### सूने मकान में चोरी

**रायगढ़ ।** दिनांक 16/05/2022 को थाना भूपदेवपुर में ग्राम नावापारा (पूर्व) में रहने वाला आशिष पटेल पिता स्व. दौलत राम पटेल (उम्र 22 वर्ष) रिपोर्ट दर्ज कराया कि घर में अपनी मां और बहन के साथ रहता है। दिनांक 11/05/2022 के शाम सभी लोग घर मकान में ताला बंद कर शादी कार्यक्रम में सम्मिलित होने ग्राम तेंदुआ गये थे। दिनांक 15/05/2022 के करीबन 11.45 बजे रात्रि वापस घर आये तो देखे कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ मिला, घर के अंदर जाने पर एक रूम का ताला टूटा हुआ मिला कमरा अंदर जाकर देखे तो आलमारी का लाक टूटा हुआ था लाकर में रखे सोने का फुली, सोने का झुमका एवं चांदी का करधन, चांदी का सिक्का, ऋण पुस्तिका, पासबुक ग्रामीण बैंक एवं अपेक्स बैंक का एवं मार्कशीट ( जुमला कीमती 60,000/रूपये) के समान को कोई अज्ञात चोर घर मकान का ताला तोडकर चोरी कर ले गया है रिपोर्ट पर नकबजनी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### क्रेशर के सुपरवाइजर पर बालिका दर्ज कराई दुष्कर्म की रिपोर्ट

**रायगढ़ ।** दिनांक 15.05.2022 को थाना लैलूंगा में किशोर बालिका (17 साल) अपनी मां के साथ थाना आकर कोसीर थानाक्षेत्र में रहने वाले भोजरात पटेल के विरूद्ध शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। बालिका बताई कि इसके गांव रोड किनारे गिट्टी तोडने का क्रेशर मशीन लगा है। उस क्रशर मशीन में भोजराम पटेल सुपरवाईजर का काम करता था। जनवरी 2022 को भोजराम पटेल से जान परिचय हुआ। तब से दोनों लगातार बातचीत करते थे। भोजराम पटेल शादी करूंगा कहकर बहला फुसलाकर दिनांक 08/02/2022 को क्रेसर के पास बने कमरा में बुलाया और जबरन शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद से अप्रैल 2022 तक शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा और काम छोडकर भाग गया। दिनांक 11/04/2022 को भोजराम पटेल फोन कर अपने घर कोसीर बुलाया। तब उसके घर कोसीर पहुंची तो भोजराम पटेल घर पर नहीं मिला। पुलिस स्टाफ बालिका गृह रायगढ भेजें। जहां से दिनांक 14/05/2022 को घर लैलूंगा वापस आकर घटना के बारे में घरवालों को बताई। बालिका के रिपोर्ट पर आरोपी युवक भोजराम पटेल के विरूद्ध धारा 376 IPC, 4,6 Pocso Act का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### तालाब में डूबकर दो सगे भाइयों की मौत

**रायगढ़ (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के खरसिया चौकी क्षेत्र के ग्राम महका स्थित तालाब में डूबने से दो सगे नाबालिक भाइयों की मौत हो गई है। मिली जानकारी अनुसार श्याम कुमार शर्मा, उम्र लगभग 12 वर्ष व सागर कुमार शर्मा, उम्र लगभग 10 वर्ष, दोनों के पिता – मुकेश शर्मा आज सुबह तालाब में नहाने चले गए। नहाने के दौरान गहराई में चले जाने से डूबने से उनकी मौत हो गई, बताया जा रहा है कि दोनों नाबालिगों को तैरना नही आता था। वही घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तत्काल दोनों को बाहर निकालकर सिविल अस्पताल खरसिया ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक जांच में मृत घोषित कर दिया। वही खरसिया चौकी पुलिस भी आगे की कार्यवाही में जुटी है।

### वाहन की ठोकर से दो घायल

**महासमुंद (आरएनएस)।** पिकअप की ठोकर से बाइक सवार दो घायल हो गए। घटना पिथौरा थाना क्षेत्र का है। राजासेवैयाखुर्द निवासी सुरेश यादव (36) ने पुलिस को बताया कि बीते शुक्रवार शाम करीब 5 बजे वह गांव के नरसिंह यादव के साथ बाइक क्रमांक सीजी 06 जीजी 7517 से राजासेवैया से टेका जा रहा था। रास्ते में डोंगरीपाली चौक के पास पीछे से एक बिना नंबर के पिकअप वाहन चालक ने बाइक को ठोकर मार दिया।

# आंधी-तूफान से धाराशायी हुए बांस के पेड़ों में दबकर एक की मौत,एक घायल



## बिजली विभाग के कई टावर क्षतिग्रस्त

**अम्बिकापुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में मौसम के बदले मिजाज ने बीते शाम से मैनपाट में जमकर तबाही मचाई है। मैनपाट में ओलावृष्टि के साथ तेज आँधी पानी की चपेट में आकर नर्मदापुर का बीएसएनएल मोबाईल टॉवर और कई विद्युत पोल सहित सडक़ किनारे लगे कई पेड़ धराशायी हो गए। जिससे ग्राम कुनिया से कमलेश्वरपुर की ओर जाने वाली सडक़ जाम हो गई। वही मोबाईल टॉवर क्षतिग्रस्त होने से संचार सेवा भी ठप्प हो गया है। इस तेज आँधी-पानी की चपेट में आकर बिजली के पोल धराशायी होने से 33 केवी एवं 12 केवी की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप्प हो गई है। जिससे मैनपाट के कई गांव में अंधेरा हो गया है। लोगों को कई मूशकलो को सामना करना पड़ रहा है। घरो से बाहर निकलने में परेशानी। घंटों बाद जब तूफान थमा तब लोगों ने सडक़ से पेड़ हटाकर आने-जाने का रास्ता बनाया। बेमौसम हुए इस आफत की बारिश से मैनपाट का जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।

**सरगुजा ( आरएनएस)|** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में स्थित सीतापुर में तेज आँधी और पानी के चलते बांस के पेड़ जड़ से उखडक़र ग्रामीणों पर गिर गया जिससे एक की मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार सीतापुर में तेज आँधी और पानी से बचने दो ग्रामीण बाँस के पेड़ों के नीचे जाकर खड़े हो गए थे। इसी दौरान तेज हवा के कारण बांस का पेड़ जड़ से उखडक़र गिर गए जिससे दोनों ग्रामीण दबकर बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टर ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद ग्राम प्रतापगढ़ दर्रीपारा निवासी कमल साय उम्र 50 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे घायल ग्रामीण बबलू सिदार का उपचार जारी है।

मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया है। वहीं प्रदेश के मैनपाट के कुनिया गांव में भी रविवार शाम आँधी तूफान के दौरान पेड़ गिरने से एक बुजुर्ग की दबकर मौत हो गई।

## भालुओं के हमले से ग्रामीण की मौत



**बिलासपुर (आरएनएस)।** अचानकमार टाइगर रिजर्व एरिया में भालूओं के हमले से एक ग्रामीण की मौत हो गई है। ग्रामीण बैगा आदीवासी बताया जा रहा है। वह रविवार को अपने साथियों के साथ अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगलों में तेंदुपत्ता तोडऩे गया था। इस दौरान अचानक भालुओं ने हमला कर दिया। बाकी साथियों ने तो अपनी जान बचा ली लेकिन एक ग्रामीण उनके दायरे में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार अचानकमार टाइगर रिजर्व एरिया के जंगलों में इन दिनों बड़ पैमाने पर तेंदुपत्ता तोडऩे व संग्रहण का काम चल रहा है। यहां के ग्राम कुरदर निवासी जवाहर बैगा रविवार की सुबह अपने साथियों के साथ तेंदुपत्ता तोडऩे जंगल गया था। यह लोग तेंदुपत्ता तोड़ ही रहे थे कि अचानक वहां तीन भालू पहुंच गए। भालूओं को देखकर सभी भागने लगे लेकिन जवाहर बैगा पर भालुओं ने हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई।

भालुओं से बचकर भागने वालों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने खून से लथपथ जवाहर बैगा के शव को बरामद किया। भालुओं ने उसे बुरी तरह से नोच दिया था। इसके बाद वन विभाग ने इसकी जानकारी कोटा पुलिस को दी। पुलिस ने शव का पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सौंपा दिया। वहीं इस हादसे के बाद वन विभाग ने परिजनों को तत्काल सहायता के रूप में 25 हजार रुपए की राशि दी।

## थोक फल सब्जियों की आवक से दामों में गिरावट : टमाटर अभी भी महंगा



**रायपुर (आरएनएस)।** मौसम में आ रहे बदलाव के कारण सब्ज्यिों एवं फलों के मूल्यों में लगातार बदलाव हो रहा है। अप्रैल के मुकाबले मई में बाहर से फलों एवं सब्जियों की आवक बढऩे के साथ ही थोक मंडी में घटाव की स्थिति देखी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार टमाटर के मूल्य अभी वृद्धि की ओर अग्रसर है। रविवार को टमाटर का मूल्य चंगोराभाठा, शंकर नगर आमापारा सहित पाश कालोनी क्षेत्रों में 50 से 80 रूपए प्रतिकिलो की दर से बेचा गया है। मौसमी फलों को छोडक़र बाकी फलों के दाम अभी महंगे हैं। गर्मी में लोकी का मूल्य हर बार की तरह इस बार भी महंगा है। सब्जियों के मूल्य थोक मंडी में एवं चिल्हर विक्रेताओं द्वारा निम्रानुसर बेचे जा रहे हैं। प्याज 15, आलू 20, टमाटर 50 से 80, बैगन 20, करेला 40, पत्तागोभी 20, लौकी 20, कुम्हड़ा 20, शिमला मिर्च 40, ककड़ी 30, बरबट्टी 20, भिडी 20, भिन्स 40, अदरक 40, हर्री मिर्च 80, धनिया पत्ती 80, लहसुन 80, केला 20, चुकंदर 40, भाजी 30, गांठ गोभी 40, फूल गोभी 40, मूली 20, कोचई 40, मटर 30, कटहल 40, तोरई 20, कच्च आम 40, खीरा 20 रूपए किलो की दर बेचा जा रहा है। वहीं फलों के मूल्यों में वृद्धि देखी जा रही है। थोक मंडी में फलों के मूल्य इस प्रकार हैं-सेब 200, संतरा 100, केला 50, अंगूर 60, अनार 120, तरबूज 30, खरबूजा 60, पक्का आम 80 से 100, लीची 150 रूपए की दर प्रति किलो बेचा जा रहा है।

# 100 बिस्तरीय ईएसआईसी हास्पिटल में ओपीडी सेवाएं 17 से होंगी शुरू

- बिरगांव में हास्पिटल की सुविधा से श्रमिक होंगे लाभांवित




**रायपुर (आरएनएस)।** औद्योगिक क्षेत्र से बिरगांव, सिलतरा, उरला, सरोरा, गोगांव आदि क्षेत्रों में बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाईयों में हजारों की संख्या में श्रमिक कार्यरत है। केंद्र सरकार द्वारा श्रमिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं से लाभांवित करने के लिए ईएसआईसी (कर्मचारी बीमा निगम) द्वारा 17 मई से बिरगांव में 100 बिस्तरीय अस्पताल आईपीडी सुविधा के साथ ही ओपीडी सुविधा मरीजों की ईलाज के लिए प्रारंभ की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार कर्मचारी बीमा निगम द्वारा संचालित अस्पताल में शुरू में स्त्री रोग सर्जरी आदि की सुविधा आने वाले श्रमिकों को प्रदाय की जाएगी। 100 बिस्तरीय अस्पताल में ओपीडी सुविधा मंगलवार से सुबह 9 बजे से 4 बजे के मध्य एवं शनिवार को सुबह 9 बजे से 1 बजे के मध्य प्रदाय की जाएगी। आईपीडी सुविधाएं कुछ समय पश्चात प्रदाय की जाएगी। केंद्रीय योजना के तहत कर्मचारी बीमा निगम द्वारा श्रमिक हितग्राहियों एवं उनके परिजनों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदाय करने के उद्देश्य से 100 करोड़ की लागत से उक्त अस्पताल का निर्माण करवाया गया है। 2019 से निर्माणाधीन अस्पताल नगरीय प्रशासन से एनओसी नहीं मिलने के कारण विलंब से प्रारंभ हो रहा है। उक्त अस्पताल खोलने से उपरोक्त क्षेत्रों के लगभग तीन से साढ़े तीन लाख श्रमिक हितग्राही परिजनों के साथ स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लेंगे। कर्मचारी राज्य बीमा निगम के क्षेत्रीय निदेशक एएन तिवारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पांच एकड़ में बने अस्पताल से आने वाले समय में 12 लाख से भी अधिक मरीज अनेक चिकित्सा सुविधाओं से संबंधित विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में अपना ईलाज करवाएंगे। अस्पताल के खोलने से औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए चिकित्सा सुविधा घर के पास मिलने पर केंद्र सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# हसदेव अरण्य में लाखों पेड़ो को काटने के विरोध में मंच का प्रदर्शन




**दुर्ग ( आरएनएस)।** राजस्थान के बिजली कंपनी को कोयला देने के नाम पर प्रदेश की बघेल सरकार और केंद्र में मोदी सरकार ने मिलकर सरगुजा के हसदेव अरण्य क्षेत्र में परसा केते कोयला खदान को उत्खनन के लिये अडानी की कंपनी को आबंटित कर दिया है। कोयला उत्खनन के लिये 4.5 लाख पेड़ों की कटाई की जायेगी जिसका गोंडवाना गणतंत्र पार्टी सहित अनेक संगठनों द्वारा विरोध किया जा रहा है। हसदेव अरण्य में लाखों पेड़ों की कटाई के विरोध में छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच ने दुर्ग में गांधी जी की मूर्ति के पास प्रदर्शन किया और मोदी सरकार तथा बघेल सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। अडानी अंबानी कार्पोरेट के खिलाफ भी भड़ास निकाली। प्रदर्शन में शामिल मंच के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अध्यक्ष एड. राजकुमार गुप्त ने बघेल सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह लाखों पेड़ काटकर राजस्थान को उर्जा देने के लिये छत्तीसगढिय़ों का प्राणवायु छीनकर दम घोंट रही है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी नाम लेकर अडानी अंबानी को कोसते रहते हैं लेकिन हसदेव अरण्य का कोल ब्लाक अडानी को आबंटित करने के मामले में खामोश हैं। मंच के अध्यक्ष ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सडक़ चौड़ीकरण में कुछ पेड़ काटे जाने पर हायतौबा मचाने वाली प्रदेश की विपक्षी पार्टी हसदेव अरण्य में लाखों पेड़ काटे जाने पर सिर्फ इसलिये खामोश है कि कोल ब्लाक मोदी के मित्र अडानी को आबंटित है। प्रदर्शन में पूरनलाल साहू, कल्याणसिंह ठाकुर, ढालेश साहू, खोमेंद्र साहू, शुभम रजक आदि शामिल थे।

## मजबूत इरादों से मूकबधिर एवन्ती ने लिखी अपनी तकदीर

- सिलाई सीख कर तय की स्वावलम्बन की नई राह



**रायपुर।** कुछ लोग अपने मजबूत इरादों से अपनी तकदीर लिखते हैं। ऐसे लोगों में से एक कोण्डागांव के मर्दापाल के निकट बसे नक्सलप्रभावित गांव बादालूर की दिव्यांग एवन्ती विश्वकर्मा भी हैं। बोलने और सुनने में असमर्थ एवंती ने अपनी मेहनत से अपने स्वावलंबन की राह तय की है। अब वह सिलाई सीख कर अपने पैरो पर खड़ी हो गई हैं। राज्य सरकार द्वारा संचालित गारमेंट फैक्टरी में काम कर उसने अपनी दिव्यांगता को भी मात दे दी है।

एवन्ती के पिता मंगू विश्वकर्मा बताते हैं कि 20 वर्षीय एवन्ती बचपन से ही सुन-बोल नहीं पाती है, इसके कारण उसकी शिक्षा बहुत कठिन हो गई थी। एवन्ती ने अपनी शारीरिक कमी को कभी खुद पर हावी होने नहीं दिया। वह हमेशा खुश रहा करती थी।

एवन्ती की आंखों में हमेशा अपने पैरों पर खड़े होने का सपना रहता था। एवन्ती ने दसवीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद उसने अपने परिजनों एवं शिक्षकों से आत्मनिर्भर बनने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने एवन्ती को कलेक्टर जनदर्शन में जाकर रोजगार के लिए निवेदन करने की सलाह दी। एवन्ती के अक्टूबर 2021 में आवेदन करने पर कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने आजीविका मिशन के सहायक परियोजना अधिकारी पुनेश्वर वर्मा को उसे गारमेंट फैक्ट्री में कार्य करवाने के निर्देश दिये।

पुनेश्वर वर्मा ने बताया कि गारमेंट फैक्ट्री खुलते ही एवन्ती से सम्पर्क कर उसे क्वालिटी टेस्टिंग के साथ स्टीचिंग का प्रशिक्षण दिया गया। सबसे बड़ी समस्या एवन्ती के सुनने एवं बोलने की दिक्कत के कारण थी। ऐसे में फैक्ट्री की अन्य लड़कियों और ट्रेनरों का उसे पूरा सहयोग किया। वह रोज सुबह घर का काम कर फैक्ट्री जाया करती हैं। धीरे-धीरे वह अपने काम में प्रवीण होती गई। जिला प्रशासन द्वारा आजीविका कॉलेज के छात्रावास में उसके निःशुल्क रहने का प्रबंध किया जा रहा है। एवन्ती के परिजनों ने कहा एवन्ती को अपने पैरों पर खड़ा देख के उन्हें फक्र महसूस होता है। वे उसकी हौसला अफजाई जरूर करते रहते हैं। दिक्कतों के बाद भी एवन्ती हमेशा मुस्कुराते रहती हैं।

## खाद्य मंत्री ने किया बायोडायवर्सिटी पार्क का उद्घाटन




**अम्बिकापुर ।** छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अमरजीत भगत ने सोमवार को बायोडायवर्सिटी पार्क का उद्घाटन फीता काटकर किया। मैनपाट विकासखंड के ग्राम पंचायत रोपाखर में वन विभाग द्वारा करीब एक करोड़ रुपये की लागत से बायोडायवर्सिटी पार्क विकसित किया जा रहा है। खाद्य मंत्री ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियां सहित पार्क का अवलोकन किया और पौधे भी रोपे।

खाद्य मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मैनपाट में पर्यटन को बढ़ावा देने की कड़ी में बायोडायवर्सिटी पार्क भी जुड़ गया है। हमारी सरकार पर्यटन और सांस्कृति के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस पार्क में पर्यटकों को प्रकृति के विविध रूप देखने को मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पार्क को शासन की मंशानुरूप विकसित करें। पर्यटकों की सुविधा का भी ध्यान रखे।

अधिकारियों ने बताया कि ग्राम पंचायत रोपाखार में वन विभाग द्वारा 1 करोड़ की लागत से 100 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बायोडायवर्सिटी पार्क विकसित की जा रही है। 1-1 हेक्टेयर क्षेत्र में कैक्टस एवं बैम्बू पौधे तथा करीब 2 हेक्टेयर में औषधि पौधे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही यहां निरीक्षण पथ, गार्ड क्वाटर्स सहित अन्य निर्माण कार्य भी कराए जा रहे हैं। पार्क में विद्युत की व्यवस्था भी होगी।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के सदस्य अटल बिहारी यादव, मुख्य वन संरक्षक अनुराग श्रीवास्तव, डीएफओ पंकज कमल, गणेश सोनी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## लोक निर्माण के कार्यों में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान: मंत्री ताम्रध्वज साहू

- लापरवाही पर सख्त कार्रवाई करने के लोक निर्माण मंत्री ने दिए निर्देश
- लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक एवं गुणवत्ता परीक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए ताम्रध्वज साहू



**रायपुर।** लोक निर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू की अध्यक्षता में आज यहां दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक एवं गुणवता परीक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें मंत्री साहू ने अभियंताओं एवं विभागीय अधिकारियों को कार्यों का गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वालें अभियंताओं को मंत्री साहू ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, चिंतामणि महाराज, लोकनिर्माण विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, छत्तीसगढ़ सड़क विकास निगम लिमिटेड के एम.डी हिमशिखर गुप्ता एवं प्रमुख अभियंता विजय भत्तपहरी मौजूद थे।

लोक निर्माण विभाग के मंत्री ताम्रध्वज साहू ने सभागार मे मौजूद समस्त अभियंताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर जन सुविधाओं को ध्यान में रखकर विभाग को निर्माण कार्यों के लिए समुचित बजट दिया गया है। इसी वजह से पिछले तीन सालों में विभाग के समस्त निर्माण कार्य निरंतर गति से हो रहे हैं। उन्होंने कोरोना काल के दौरान विभागीय कर्मचारियों के द्वारा अस्पताल व गैस पाइप लाइन सहित अधोसंरचना निर्माण कार्य तेजी से किए जाने के लिए तारीफ की और कहा कि इस दौरान कई कर्मचारी संक्रमित भी हुए लेकिन कार्य में बाधा उत्पन्न नहीं हुई। मंत्री साहू ने आगे कहा कि निर्माण कार्यो की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। राशि का पूरा सदुपयोग होना चाहिए, जितना काम उतनी ही राशि का प्राक्कलन बनाए। अपने क्षेत्र में जो महत्वपूर्ण काम है उसे प्रमुखता के साथ करें। उन्होंने विभाग को निर्देशित किया कि प्राक्कलन इस तरह से बनाए कि रिवाइज प्राकल्लन बनाने से स्थिति निर्मित ना हो। इसके साथ ही उन्होंने भवन निर्माण कार्य को समय पर हैंडओवर करने, टर्निंग पाइंट व ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर उस पर त्वरित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। मंत्री साहू ने स्वीकृत कामों को बरसात के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित ना हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मंत्री साहू ने भू-अर्जन प्रकरण, झाड़कटाई की अनुमति मिलने आदि कामों जिससे कार्यो में विलम्ब की स्थिति निर्मित होती है उस पर राजस्व अधिकारियों एवं सबंधित विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर काम करने के निर्देश दिए। मंत्री ताम्रध्वज साहू ने मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत चल रहे कार्यों को समय सीमा के साथ ही गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। कार्यक्रम में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय एवं चिंतामणि महाराज ने भी अपने विचार रखे।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480